महत्वपूर्ण एवं खास

रिश्वतखोर पटवारी समेत 2 आरोपी गिरफ्तार

मुंगेली (आरएनएस)। मिली जानकारी के अनुसार आरोपी पटवारी का नाम एनएस मरावी है, जो लछनपुर लोरमी में पदस्थ है। दरसअल ग्राम बोड़तरा तहसील लोरमी के किसान संतोष जायसवाल ईओडब्ल्यू द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत की थी कि, पटवारी एनएस मरावी द्वारा किसान किताब बनाने के नाम पर 6 हजार की रिश्वत मांगी गई है। 3 हजार पटवारी को नगद दिया गया है, जिसका वीडियो भी पीड़ित ने रिकॉर्ड किया है। इस शिकायत के बाद ईओडब्ल्यू के निदेशक आरिफ शेख ने एसपी ईओडब्ल्यू पंकज चंद्रा को जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बिलासपुर ईओडब्ल्यू की टीम के साथ 6 मई को लोरमी से पटवारी एनएस मरावी और उसके सहयोगी भाई वेदराम को गिरफ्तार किया गया। दोनों को आज मुंगेली न्यायालय में पेश किया जा रहा है। त्रिपाठी

सेक्स रैकेट, चार महिला व एक युवक गिरफ्तार

बिलासपुर (आरएनएस)। एक महिला एनजीओ की आड़ में सैक्स रैकेट चला रही थी। शुक्रवार को पुलिस ने दबिश देकर चार महिला और एक युवक को गिरफ्तार किया है। उनके खिलाफ पीटा एक्ट के तहत कार्रवाई की है; है। सरकंडा पुलिस को पिछले कुछ दिनों से सूचना मिल रही थी कि बंगालीपारा में एक महिला अपने मकान में सैक्स रैकेट चला रहा है। उसके घर में दूसरे मोहल्लों की महिलाएं और युवक आते हैं। सूचना को पुलिस ने पहले पुख्ता किया, फिर शुक्रवार को योजनाबद्ध तरीके से पाइंटर बनाकर एक युवक को भेजा गया। इसके बाद पुलिस ने वहां छापेमारी की। पुलिस वहां पहुंची, तब तीन महिलाएं मिली। वहीं एक युवक और महिला दूसरे कमरे में आपत्तिजनक स्थिति में पाए गए। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मकान की तलाशी ली, तब वहां से आपत्तिजनक सामान के साथ ही रुपए भी मिले। जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। गिरफ्तार दुर्गा प्रसाद 40 वर्ष निवासी टिकरापारा है। पुलिस युवक और महिलाओं को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है।

मेकाहारा के एम्बुलेंस वाहनों में तोडफ़ोड़ : 3 आरोपी गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी रायपुर के डॉ भीमराव अंबेडकर शासकीय अस्पताल के सामने खड़ी एम्बुलेंस वाहनों में तोडफ़ोड़ करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अनवर अली ने थाना मौदहापारा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह एम्बुलेंस वाहन मेकाहारा अस्पताल के पर्किंग स्थल के पास लेकर खडा था उसी समय तीनों आरोपी वहां पर आये और अनवर अली से अश्लील गली गलौच करते हुए एम्बुलेंस वाहनों में तोडफ़ोड़ कर वहां फरार हो गये। जिस पर आरोपियों के विरूद्ध थाना मौदहापारा में अपराध अपराध पंजीबद्ध किया गया।

छह बच्चों की मां को मौत के घाट उतारा, मामला दर्ज

नारायणपुर (आरएनएस)। अबूझमाड़ से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां आरोपियों ने 6 बच्चों की मां को मौत के घाट उतार दिया। इस पूरी घटना को 8 साल की बच्ची ने अपनी आंखो से देखा। जिसकी निशानदेही पर पुलिस ने मामले में जांच शुरू की। पूरा मामला नारायणपुर के कोतवाली थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक गोडरी गांव के रहने वाले आयतू वाड्डे और गुड्डू कुमेटी नाम के व्यक्तियों ने 6 बच्चों की मां मैनी बाई को मारकर जमीन में गाड़ दिया। इस खौफनाक मंजर को मृतिका की 8 साल की बेटी ने अपनी आंखों से देखा। मुआवजे की राशि बनी मौत की वजह! मैनी बाई अबूझमाड़ के तुड़क्रो की रहने वाली थी। 4 साल पहले नक्सलियों ने उनके परिवार को गांव से भगाया था और उसके पति की हत्या कर दी थी. उसके बाद महिला अपने 6 बच्चों के साथ गोडरी गांव में रहती थी। मिली जानकारी के अनुसार नक्सली पीडित होने से महिला को मिली मुआवजे की राशि को लूटने के इरादे से आरोपियों ने इस वारदात को अंजाम दिया है।

अर्धसैनिक बलों के जवानों के लिए जगदलपुर से दिल्ली तक प्रारंभ हुई नि:शुल्क विमान सेवा

- 78 सीटर इंडिगो विमान का जगदलपुर में वाटर सैल्यूट के साथ किया गया भव्य स्वागत
- पहले दिन जगदलपुर से 37 जवान हुए रवाना

जगदलपुर (आरएनएस)। बस्तर के जनता की रक्षा के लिए नक्सल मोर्चे पर डटे रहने वाले केन्द्रीय अद्र्धसैनिक बलों के जवानों के लिए जगदलपुर के मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट से दिल्ली तक के लिए नि:शुल्क विमान सेवा आज से प्रारंभ हो गई है। 78 सीटर इंडिगो विमान के शाम 4.10 बजे जगदलपुर पहुंचने पर वाटर सैल्यूट के साथ स्वागत किया गया। वहीं इस अंचल के लोगों की रक्षा के लिए अपने परिवार से दूर रहने वाले जवानों को जब यह अनुठी सौगात मिली तो, उनकी खुशी भी बढ़ गई। आज पहले दिन शाम पौने पांच बजे इस विमान से 37 जवान रवाना हुए, जिन्हें एयरपोर्ट पर फूलमाला पहनाकर और मिठाई खिलाकर रवाना किया गया। इस दौरान केक काटकर भी खुशियों का इजहार किया गया। इस अवसर पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. सीआरपीएफ के डीआईजी अखिलेश प्रताप सिंह, कलेक्टर रजत बंसल, एयरपोर्ट संचालक भौमिक आदि उपस्थित थे।

अद्र्धसैनिक बलों के जवानों के लिए

जगदलपुर से रायपुर होते हुए दिल्ली तक नि:शुल्क विमान यात्रा से प्रसन्न जवानों ने इसके लिए आभार व्यक्त किया। वर्तमान में कोबरा बटालियन करनपुर में पदस्थ हरियाणा के महेंद्रगढ़ के अजीत यादव ने बताया कि पहले उन्हें अपने घर पहुंचने के लिए लगभग तीन दिन लग जाते थे। यह यात्रा बहुत अधिक थकाउ होती थी, लेकिन अब यहां से लगभग पांच बजे जगदलपुर से निकलकर रात लगभग सवा नौ बजे दिल्ली पहुंचने के बाद वहां से लगभग एक घंटे में अपने गांव पहुंच सकते हैं। इससे परिवार के बीच ज्यादा समय बिताने का अवसर मिलेगा, जिससे परिवार में भी खुशी है। इसी तरह डीआईजी कार्यालय में पदस्थ राजस्थान के झुंझनू जिले के जयसिंह ने भी प्रसन्नता व्यक्त की।

उल्लेखनीय है कि नक्सल क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रहे केन्द्रीय अद्र्धसैनिक बलों के जवानों के लिए यह नि:शुल्क विमान सेवा प्रारंभ की गई है। यह सप्ताह में तीन दिन अपनी सेवाएं देगी, जिसमें बुधवार, शनिवार और रविवार शामिल हैं। प्रत्येक उड़ान में 60 जवानों को यात्रा की सुविधा मिलेगी, जिसमें केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के लिए 20, सीमा सुरक्षा बल और भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस के लिए 15-15, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के लिए 3, सशस्त्र सीमा बल के लिए 4, आईबी के लिए एक व असम रायफल्स के लिए 2 सीट आरक्षित रहेगी। यह विमान दोपहर 12.10 बजे दिल्ली से रवाना होगी और दोपहर 3 बजे रायपुर पहुंचेगी। रायपुर से 3.20 बजे रवाना होकर शाम 4.30 बजे जगदलपुर पहुंचेगी। वहीं जगदलपुर से यह विमान 16.50 बजे रवाना होकर शाम 5.40 बजे रायपुर पहुंचेगी। रायपुर से 6.20 बजे रवाना होकर रात 9.10 बजे दिल्ली पहुंचेगी।

जंगली सुअर ने दो लोगों को किया जख्मी

कोरबा। जिले के मड़वामहुआ इलाके में आज सुबह जंगली सुअर ने हमला करते हुए दो लोगों को जख्मी कर दिया। दो मौकों पर उसने इस घटना को अंजाम दिया। पीड़ितों ने किसी तरह खुद को बचाया। डॉयल 112 को सूचना मिलने के बाद उसने पीड़ितों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

जानकारी के अनुसार आज सुबह 5 बजे के आसपास कटघोरा परिक्षेत्र के मड़वामहुआ जंगल में यह घटना हुई। संबंधित क्षेत्र दर्री इलाके में आता है। आसपास के लोग तेंदूपत्ता तोडऩे के लिए यहां पहुंचा करते हैं। आज भी उनके शेड्यूल में यह सब शामिल था। जनजाति परिवार से वास्ता रखने वाली बोट बाई और एक पुरुष सदस्य तेंदूपत्ता तोडऩे के लिए गए हुए

थे। कुछ और लोग नजदीक में ही काम कर रहे थे। लगभग एक घंटे बाद यहां एकाएक जंगली सुअर की दस्तक हुई। संग्राहक कुछ समझ पाते इससे पहले ही उसने पीछे से आकर हमला कर दिया। महिला की चीख सुनकर नजदीक में मौजूद दूसरा व्यक्ति हरकत में आया लेकिन उस पर भी जंगली सुअर का हमला हुआ। परिवार की सदस्य रमजा बाई ने बताया कि एक मौके पर जानवर को भगा दिया गया था। कुछ देर बाद उसने दोबारा पहुंच बनाई और फिर से हमला किया। हिम्मत से काम लेते हुए पीड़ितों ने जंगल में पड़ी मोटी लकड़ी का इस्तेमाल करते हुए सुअर को टारगेट किया। वार उल्टा पड़ते देख जानवर को यहां से भगना पड़ा। बताया गया कि हमले की जानकारी गांव के कुछ लोगों को मिली थी जो इसी इलाके में तेंदूपत्ता तोड़ रहे थे। उन्हें डॉयल 112 को जानकारी दी। कुछ देर के बाद वाहन यहां पहुंचा और इसके माध्यम से पीड़ितों को कोरबा के जिला अस्पताल भिजवाया गया।

मुख्यमंत्री ने केरता में गन्ना उत्पादक किसानों से की मुलाकात

- शुगर फैक्ट्री के संचालक मंडल को पीपीपी मॉडल पर गन्ने से एथेनॉल बनाने का यूनिट लगाने का दिया सुझाव

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज अपने भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के तीसरे दिन सूरजपुर जिले के सीमावर्ती गांव केरता में माँ महामाया शुगर फैक्टरी में गन्ना उत्पादक किसानों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने कहा कि भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाने की तर्ज पर यहाँ भी पीपीपी मॉडल पर गन्ने से एथेनॉल बनाने का यूनिट लगाया जाना उचित होगा। संचालक मंडल के निर्णय के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने इस मौके पर गन्ना उपजाने वाले किसानों की मांगों और समस्याओं की जानकारी ली।

मुख्यमंत्री से किसानों से चर्चा के दौरान कारखाने के संचालक मंडल ने कारखाने की पेराई केपेसिटी दो हज़ार पांच सौ मैट्रिक टन से बढ़ाकर तीन हज़ार पांच सौ मैट्रिक टन करने के लिए आवश्यक सहयोग और मदद की आवश्यकता जताई। गौरतलब है कि केरता शुगर फैक्ट्री से आसपास के गॉवों के लगभग 15 हज़ार गन्ना उत्पादक किसान पंजीकृत हैं। लगभग 11 हज़ार हेक्टेयर से अधिक रकबे में गन्ना उगाया जाता है और फैक्टरी को बेचा जाता है।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ लोगों को कितना मिल रहा है, यही देखने निकला हूँ। अधिकारी कर्मचारी अच्छा काम कर रहे तभी योजनाएं धरातल तक पहुँच रही है। जो एक दो गड़बड़ कर रहे उन पर कार्रवाई हो रही। मुख्यमंत्री ने अक्ती तिहार और माटी पूजन का उल्लेख करते हुए कहा कि जैसे हम गौ माता की सेवा करते हैं, वैसे ही हमें धरती माता की भी सेवा करना है। खेतों में वर्मी कंपोस्ट का उपयोग करें, जिससे भूमि की गुणवत्ता भी अच्छी होगी, उपज भी अच्छी होगी और जो उपज मिलेगी वह भी हमारे स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित होगी। जब हम रासायनिक खादों और कीटनाशकों का उपयोग करते हैं, तो जमीन कठोर हो जाती है और उपज में रसायनिक तत्वों का सूक्ष्म अंश शामिल हो जाता है, जो हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है।

खंभे में बांधकर युवक की पिटाई

- दुकान से चोरी करते रंगे हाथों पकड़ाया तो लोगों ने मिलकर लात घूंसो से पीटा

बलरामपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में एक युवक की खंभे से बांधकर बेदम पिटाई कर दी गई युवक को लोगों ने कपड़ा दुकान से चोरी करते रंगे हाथों पकड़ा था जिसके बाद उसे लात घूंसो से जमकर पीटा गया इसके बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया है मामला राजपुर बस स्टैंड के पास कपड़ा दुकान का है।

बस स्टैंड के पास प्रकाश गवर्नमेंट के नाम से दुकान यहां है शुक्रवार दोपहर को करीब 1:00 बजे एक चोर दुकान में चोरी करने घुसा था जिसकी सूचना आसपास के लोगों को लग गई फिर लोगों ने मिलकर दुकान संचालक को इस बात की जानकारी दी जिसके बाद दुकान संचालक ने लोगों के साथ मिलकर युवक को पकड़ लिया।

युवक को पकडऩे के बाद आसपास के लोगों ने युवक को खंभे से बांध दिया था इसके बाद एक-एक कर पीटने लगे काफी देर तक उसे जमकर पीटा गया पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम रंजीत पांडे बताया है वह वार्ड क्रमांक 4 का रहने वाला है मारपीट के बाद लोगों ने उसे पुलिस के हवाले कर दिया था पुलिस ने आरोपी के पास से 10 नग जींस बरामद किया आरोपी ने बताया कि उसने पहले भी कपड़ों की चोरी की थी जिसे उसने किसी दुकानदार को बेच दिया है उसके इसी बयान के आधार पर पुलिस ने कपड़े खरीदने वाले दुकानदार से और कपड़े भी बरामद किए हैं कुल मिलाकर 20000 का माल आरोपी से जब्त किया गया।

भूविस्थापितों ने रोजगार के लिए खदान में पांच घंटे किया प्रदर्शन, प्रबंधन के आश्वासन के बाद काम शुरू

कोरबा। रोजगार दिए जाने की एक सूत्रीय मांग को लेकर एसईसीएल कुसमुंडा के भूविस्थापितों द्वारा लगातार आंदोलन किया जा रहा है लेकिन अब तक प्रबंधन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है जिससे उनमें गहरा आक्रोश है। प्रबंधन के अडिय़ल रवैये से नाराज भूविस्थापितों ने आज अपनी मांगों को लेकर भूविस्थापित रोजगार एकता संघ के बैनर तले एक बार फिर कुसमुंडा खदान को बंद करा दिया। जिससे कोयला उत्पादन एवं परिवहन पूरी तरह ठप रहा। विस्थापितों के

आंदोलन को छत्तीसगढ़ किसान सभा का भी भरपूर समर्थन मिला।

जानकारी के अनुसार भूविस्थापित आज सुबह 5 बजे के लगभग खदान के निकट इकट्ठे हुए और खदान के भीतर पहुंचकर कोयला उत्खनन एवं परिवहन के कार्यों को बाधित कर दिया। भूविस्थापितों को आंदोलन करीबन 5 घंटे तक चला। प्रबंधन को भूविस्थापितों द्वारा खदान बंद किये जाने की जानकार मिलने पर उसके वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और आंदोलनकारियों को समझाने का प्रयास किया। इस दौरान अधिकारियों व आंदोलनकारियों के बीच तीखी बहस भी हुई। बाद में प्रबंधन के इस आश्वासन के बाद दोपहर बाद एसईसीएल प्रबंधन, जिला प्रशासन व भूविस्थापितों के बीच त्रिपक्षीय वार्ता की जाएगी जिसमें उनकी मांगों पर विचार कर कोई हल निकाला जाएगा। प्रबंधन के आश्वासन के बाद आंदोलनकारी माने और खदान बंद हड़ताल को खत्म करने पर सहमत हुए लेकिन आंदोलनकारियों ने अपना धरना जारी रखा। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक त्रिपक्षीय वार्ता शुरू नहीं हो सकी थी और भूविस्थापित अपनी मांगों को लेकर धरने पर डटे हुए हैं।

जिला चेम्बर ऑफ कॉमर्स का चुनाव 31 मई को

कोरबा। जिला चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इडस्ट्रीज कोरबा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी आशीष खेतान ने जानकारी देते हुए कहा कि जिला चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इडस्ट्रीज कोरबा के 2022-24 के कार्यकाल के लिए 31 मई 2022 मंगलवार को चुनाव होना है। इस हेतु अध्यक्ष एक पद महामंत्री एक पद एवं कोषाध्यक्ष एक पद का निर्वाचन किया जाना है। संविधान के अनुसार अध्यक्ष का कोरबा शहर तथा महामंत्री एवं कोषाध्यक्ष को कोरबा जिला का निवासी होना आवश्यक है। अध्यक्ष एवं महामंत्री के लिए

5 वर्ष पुरानी सदस्यता तथा कोषाध्यक्ष के लिए 3 वर्ष पुरानी सदस्यता होनी आवश्यक है।

इसके साथ खेतान के चुनाव कार्यक्रम की जानकारी में कहा कि 10 मई 2022 मंगलवार को प्रात: 11:00 बजे मतदाता सूची का प्रकाशन, 16 मई 2022 सोमवार को शाम 5:00 बजे तक मतदाता सूची पर दावे व आपत्तियां, 18 मई 2022 बुधवार प्रात:11:00 बजे मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 29 मई 2022 रविवार प्रात: 10:00 से 12:00 बजे तक नामांकन, अपराहन 2:00 बजे प्रत्याशियों की सूची का प्रकाशन, शाम 5:00 बजे तक नामांकन वापसी, शाम 6:00 बजे अंतिम सूची का प्रकाशन 31 मई 2022 चुनाव होने पर प्रात: 10:30 बजे से 3:00 बजे तक मतदान, अपरान्ह 4:00 बजे से मतगणना पश्चात परिणाम की घोषणा होगी। इसके साथ ही खेतान ने अन्य आवश्यक जानकारी में कहा कि चुनाव के सभी कार्यक्रम चेम्बर भवन तुलसी नगर मार्ग कोरबा में संपन्न होगे। मतदान के समय मतदाता अपना फोटोयुक्त परिचय पत्र या अन्य आवश्यक परिचय पत्र दस्तावेज साथ में लाए ताकि मतदान शांतिपूर्व एवं सुचारू रूप से संपन्न कराया जा सके। चुनाव से संबंधित किसी भी विवाद का निर्णय मुख्य चुनाव अधिकारी निर्वाचन अधिकारी एवं पर्यवेक्षक दल की सलाह से करेंगे जो कि अंतिम व मान्य होगा। इसके साथ ही खेतान ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा वे अपना सहयोग प्रदान कर चुनाव कार्यक्रम में भाग लेकर चुनाव विधिसम्मत कराने में सहयोग देवें।

एटक बालको ने मनाई कार्ल माक्र्स की 204 वी जयंती

कोरबा। पांच मई को एल्युमिनियम एंप्लाइज यूनियन एटक मुस्ताक भवन बालको नगर में कार्ल माक्र्स की 204 वी जयंती मनाई गई। इस अवसर पर बालको एटक के महासचिव कामरेड सुनील सिंह ने सभी मजदूरों को संबोधित किया एव बताया कि आज की पूंजीवादी व्यवस्था में श्रम कानूनों का हनन हो रहा है सरकार एवं पूंजीपति लगातार श्रम एवं श्रमिक विरोधी नीतियां अपना रहे हैं। ऐसे समय में हम सभी श्रमिकों को पहले से अधिक एकजुटता का परिचय देना होगा। ऐसे समय में कार्ल माक्र्स की दी हुई शिक्षा मजदूरों का मार्ग प्रशस्त करेगी एवं पूंजीपतियों एवं श्रम विरोधी सरकारों के खिलाफ लड़ाई में अहम भूमिका निभाएगी।

इस अवसर पर सर्वप्रथम कार्ल माक्र्स की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई एवं एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें सभी मजदूरों ने माक्र्स के जीवन पर समाज एवं देश के प्रति योगदान पर प्रकाश डाला।इस अवसर पर एल्युमिनियम एंप्लाइज यूनियन के अध्यक्ष कामरेड एस के सिंह ने भी

सभा को संबोधित किया एवं बताया कि माक्र्सवाद के बिना समाजवाद की कल्पना असंभव है। माक्र्स ने किसी जाति, धर्म एवं देश से परे हटकर दुनिया भर के श्रमिकों को एक होने का संदेश दिया एवं पूंजपतियों के श्रमिकों के श्रम को लूटने के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की। दुनिया भर के मजदूरों को एक नई दिशा दिखाया। इस अवसर पर राज्य एटक महासचिव कामरेड हरिनाथ सिंह एवं राज्य सचिव कॉमरेड एम एल रजक ने भी साथियों को संबोधित किया तथा आने वाले समय में मजदूरों को एकजुट होने के लिए प्रेरक संदेश दिए। कामरेड हरिनाथ सिंह ने श्रमिको को माक्र्स से प्रेरित होकर त्याग एवं संघर्ष के लिए तैयार रहने को कहा।

पूंजीवाद मुर्दाबाद, साम्राज्यवाद मुर्दाबाद, समाजवाद जिंदाबाद, दुनिया के मजदूर एक हो एके नारे के साथ इस संगोष्ठी की समाप्ति हुई। इस अवसर पर राज्य एटक के महासचिव कॉमरेड हरिनाथ सिंह राज्य सचिव कॉमरेड एम एल रजक एलयुमिनियम एंप्लाइज यूनियन के अध्यक्ष कामरेड एस के सिंह एकामरेड पी के वर्मा एकामरेड जी नरसिम्हा राव, कामरेड संतोष सिंह, कामरेड ताराचंद कश्यप, कामरेड अविनाश सिंह, अवधेष वर्मा, प्रभुनाथ, मलिक सहित अनेक श्रमिक साथी उपस्थित रहे।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुछ सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौरी के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU